# 24 न्यूज अपडेट
ई-न्यूज

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, गुरूवार 24 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 230



## जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे की मांग, 4 दिन का अल्टीमेटमःकनाडा में PM के खिलाफ हुए 24 सांसद, कहा- रिजाइन नहीं तो विद्रोह करेंगे

**24 न्यूज अपडेट**

ओटावा. कनाडा के PM जस्टिन ट्रूडो को अपनी पार्टी में ही विरोध का सामना करना पड़ रहा है। लिबरल पार्टी के सांसदों ने ट्रूडो को प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए 28 अक्टूबर तक की मोहलत दी है। नाराज नेताओं ने ट्रूडो से कहा कि या तो वे पद छोड़ दें या फिर विद्रोह का सामना करने के लिए तैयार रहें। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रूडो की पार्टी के 24 सांसदों ने PM को चुनाव से पहले हटाने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने एक मांग पत्र पर दस्तखत भी किए हैं। सांसदों द्वारा साइन किए गए इस मांग पत्र को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। इस पत्र में सांसदों ने ट्रूडो से अगले साल के आम चुनाव में हार के खतरे को देखते हुए चुनाव से पहले ही इस्तीफा देने की मांग की है। सांसदों ने ट्रूडो से कहा है कि वे चौथी बार प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल न हों। पिछले 100 वर्षों में किसी भी कनाडाई नेता ने चौथी बार चुनाव नहीं जीता है।

ट्रूडो के सामने ये चुनौती ऐसे समय में आई है जब उनकी सरकार खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत के साथ एक बड़े राजनयिक तनाव में फंसी हुई है।

सांसद बोले- बाइडेन की तरह दावेदारी छोड़ें ट्रूडो PM ट्रूडो ने बुधवार को लिबरल पार्टी के 20 सांसदों से बंद कमरे में मुलाकात भी की। इस बैठक में लिबरल पार्टी से ब्रिटिश कोलंबिया के सांसद पैट्रिक वीलर ने अगले साल



चुनाव में जीत हासिल करने के लिए PM के इस्तीफे को जरूरी बताया।

वीलर ने कहा कि अमेरिका में बाइडेन की लीडरशिप में डेमोक्रेटिक पार्टी चुनाव में बहुत पीछे थी। इसके बाद उन्होंने दावेदारी छोड़ी और कमला हैरिस का नाम आगे किया। इससे डेमोक्रेटिक पार्टी की बढ़त मजबूत हो गई। उन्होंने कहा कि कनाडा में भी लिबरल पार्टी इसी तरीके से वापसी कर सकती है।

कनाडा के न्यूफाउंडलैंड से लिबरल सांसद केन मैकडोनाल्ड ने कहा कि ट्रूडो को लोगों की बात सुननी होगी। उन्होंने कहा कि उनके कई सहकर्मी ऐसे हैं जो आगामी चुनाव लड़ना चाह रहे हैं, लेकिन खराब मतदान संख्या और लिबरल्स की गिरती लोकप्रियता के कारण घबराए हुए हैं।

## आज फिर 85 विमानों में बम की धमकीःएअर इंडिया-विस्तारा, इंडिगो की 20-20, अकासा की 25 फ्लाइट; गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. विमानों को बम से उड़ाने की धमकी देने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को एक बार फिर 85 फ्लाइट्स को धमकी मिली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें एअर इंडिया की 20, इंडिगो की 20, विस्तारा की 20 और अकासा की 25 फ्लाइट्स शामिल हैं।

अकासा एयर ने बयान जारी कर कहा- आज हमारी कुछ फ्लाइट्स में सिक्योरिटी अलर्ट मिला। एयरलाइन की रिस्पॉन्स टीमें लोकल अथॉरिटी के साथ सेफ्टी और सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को फॉलो कर रही हैं। आज ही गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (डाबोलिम) और गोवा के ही मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को आज हाई अलर्ट पर रखा गया।

इन एयरपोर्ट्स पर लैंड होने वाली 4 फ्लाइट्स को बम की धमकी मिली थी। इसके बाद दोनों एयरपोर्ट्स के लिए बॉम्ब थ्रेट असेसमेंट कमेटी (BTAC) का गठन किया गया।

पिछले 11 दिनों में 255 से ज्यादा विमानों में बम की धमकियां मिल चुकी हैं। इससे एविएशन सेक्टर को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है।

एक दिन पहले, 23 अक्टूबर को ही इन धमकियों को लेकर IT मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की थी। सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा था कि, 'इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए आपने क्या किया है। ये जो हालात हैं, उनसे जाहिर होता है कि आप जुर्म को बढ़ावा दे रहे हैं।' 21 अक्टूबर को नायडू ने कहा था कि फ्लाइट्स में बम धमकी देने वालों के नाम 'नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल किए जा सकते हैं। सरकार विमानन सुरक्षा नियमों और नागरिक विमानन सुरक्षा के विरुद्ध गैरकानूनी कृत्यों का दमन अधिनियम, 1982 में संशोधन की योजना बना रही है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) इस मुद्दे पर लगातार गृह मंत्रालय के संपर्क में है।

### धमकियों को लेकर केंद्र सरकार के 4 एक्शन


एयर मार्शल की संख्या दोगुनीः केंद्र सरकार ने 16 अक्टूबर को फ्लाइट्स में एयर मार्शलों की संख्या दोगुनी करने का फैसला किया। इसी दिन गृह मंत्रालय ने फर्जी धमकियों को लेकर एविएशन मिनिस्ट्री से रिपोर्ट मांगी। CISF, NIA और IB को भी रिपोर्ट देने को कहा गया।

एयरलाइंस के CEOs के साथ बैठकः ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (BCAS) ने 19 अक्टूबर को सभी एयरलाइंस के CEOs के साथ बैठक की। इसमें झूठी धमकियों से निपटने पर चर्चा की गई। साथ ही यात्रियों की असुविधा और एयरलाइंस के नुकसान पर भी बात हुई।

DGCA प्रमुख को हटायाः केंद्र ने 19 अक्टूबर को DGCA चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा गया।

मुंबई और कोच्चि से 2 अरेस्टः मुंबई पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया। दोनों ने इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी दी थी। वहीं, केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर सोमवार को एक यात्री को बम की धमकी देने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

## साइक्लोन 'दाना':आज रात ओडिशा से टकराएगा, तेज हवा-बारिश जारी; 300 उड़ानें, 552 ट्रेनें रद्द; बंगाल समेत 7 राज्यों पर असर



**24 न्यूज अपडेट**

पुरी/कोलकाता. बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'दाना' 24 अक्टूबर की देर रात करीब 2 बजे ओडिशा के तट से टकराएगा। इसका असर पश्चिम बंगाल पर भी होगा। तटीय इलाकों (धामरा) में इस वक्त 70kmph की रफ्तार से हवा चल रही है।

भुवनेश्वर मौसम केंद्र के मुताबिक तूफान ओडिशा में भितरकनिका नेशनल पार्क और धामरा पोर्ट के पास लैंड करेगा। इसकी लैंडफॉल प्रोसेस 5 घंटे चलेगी और यह 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ओडिशा के उत्तरी हिस्से से गुजरेगा।

"दाना' के असर से भद्रक, केंद्रपाड़ा सहित कुछ स्थानों पर 30 सेमी यानी 12 इंच (एक फुट) से ज्यादा बारिश हो सकती है। बाकी तटीय इलाकों में 20 सेमी तक बारिश के आसार है। ओडिशा के 14 जिलों में 10 लाख लोगों को शिफ्ट किया गया है।

पश्चिम बंगाल सरकार ने दाना के खतरे को देखते हुए अब तक 1,59,837 लोगों को प्रभावित क्षेत्रों से निकाला है। इनमें से 83,537 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

दो एयरपोर्ट पर 16 घंटे 300 फ्लाइट कैंसिल, 552 ट्रेनें रद्द भुवनेश्वर और कोलकाता एयरपोर्ट पर गुरुवार शाम 5 बजे से 25 अक्टूबर सुबह 9 बजे तक 16 घंटे करीब 300 फ्लाइट्स कैंसिल रहेंगी।

इधर साउथ ईस्ट रेलवे ने 150, ईस्ट कोस्ट रेलवे ने 198, ईस्टर्न रेलवे ने 190 और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने 14 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। कुल 552 ट्रेनें रद्द की गई हैं।

पुरी के जगन्नाथ मंदिर परिसर में सभी अस्थायी टेंट हटा दिए गए हैं। एस्बेस्टस की छतों पर रेत की बोरियां रखी गई हैं। ताकि उड़ न जाएं। वहीं कोणार्क मंदिर को दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है।

## यूपी में उपचुनाव नहीं लड़ेगी कांग्रेसःसपा ने सभी 9 सीटों पर कैंडिडेट का ऐलान किया; अखिलेश ने राहुल का हाथ थामे फोटो शेयर किया



**24 न्यूज अपडेट**

लखनऊ. कांग्रेस उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ेगी। राज्य के पार्टी प्रभारी अविनाश पांडे ने गुरुवार को यह ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस उपचुनाव में INDIA गठबंधन का समर्थन करेगी।' इसके बाद सपा ने गाजियाबाद और खैर सीटों पर भी अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया। 7 सीटों पर सपा पहले ही प्रत्याशियों के नाम तय कर चुकी थी। राज्य की 9 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। रिजल्ट 23 नवंबर को आएंगे। इससे पहले अखिलेश यादव ने बुधवार रात 11.11 बजे X पर कहा, 'INDIA गठबंधन के प्रत्याशी सपा के चुनाव निशान 'साइकिल' पर ही चुनाव लड़ेंगे। गुरुवार सुबह अखिलेश ने राहुल का हाथ थामे एक फोटो भी शेयर किया।'

अखिलेश ने लिखा- हमने ठाना है

अखिलेश ने गुरुवार को X पर राहुल गांधी का हाथ पकड़े एक फोटो शेयर की। इसमें लिखा, 'हमने ठाना है। संविधान, आरक्षण और सौहार्द बचाना है।'

भाजपा का तंज- यूपी में पंजा खाली हाथ रह गया अखिलेश के ऐलान के बाद गुरुवार सुबह भाजपा ने तंज कसा। प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा- इंडी गठबंधन खंड-खंड हो गया। यूपी में हाथ का पंजा एक बार फिर खाली रह गया। कांग्रेस हाथ मलती रह गई। सपा ने कांग्रेस को धोबी पछाड़ दांव दिया है।

भाजपा का 'कांग्रेस मुक्त' नारा सपा साकार कर रही है। कांग्रेस अपनी दुर्दशा के लिए खुद जिम्मेदार है। अखिलेश ने मध्य प्रदेश और हरियाणा विधानसभा चुनाव का बदला ले लिया है।

अखिलेश की राहुल से फोन पर हुई बात, फिर हुआ ऐलान सपा सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव और राहुल गांधी के बीच बुधवार रात को फोन पर बातचीत हुई। राहुल ने उपचुनाव न लड़ने और सपा को पूरा सहयोग देने का वादा किया। अखिलेश ने इसके लिए राहुल का शुक्रिया अदा किया।

## महाराष्ट्र चुनाव में घड़ी सिंबल अजित गुट के पास रहेगाःसुप्रीम कोर्ट बोला- बैनर-पोस्टर में लिखें, मामला कोर्ट में विचाराधीन; 6 नवंबर तक जवाब दें



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अजित पवार गुट को राहत दी। अदालत ने कहा कि अजित गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में 'घड़ी' चिह्न का इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन उसे चुनावी बैनर और पोस्टर्स में यह लिखना होगा कि यह विवाद का विषय है और कोर्ट में विचाराधीन है।

कोर्ट शरद गुट की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कहा गया था कि अजित गुट अदालत का आदेश नहीं मान रहा है, इसलिए उसे विधानसभा चुनाव में 'घड़ी' चिह्न के इस्तेमाल से रोका जाए। साथ ही अजित गुट को नए चिह्न के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया जाए।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने अजित पवार के वकील को निर्देश दिया कि अजित गुट नया हलफनामा भी दाखिल करे। साथ ही चेतावनी दी कि यदि आदेश का उल्लंघन किया गया तो वह खुद ही अवमानना का केस शुरू करेगी। मामले की अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी।

कोर्ट बोला- आदेश न मानकर अपने लिए शर्मनाक हालात न बनाएं

जस्टिस सूर्यकांत ने अजीत पवार के वकील बलवीर सिंह से कहा- एक बार जब हमने निर्देश जारी कर दिया, तो उसका पालन करना होगा। आप जवाब दाखिल करें और एक नया हलफनामा दें कि अतीत में भी आपने उल्लंघन नहीं किया है और भविष्य में भी आप उल्लंघन नहीं करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि दोनों पक्ष हमारे निर्देशों का पालन करेंगे। अपने लिए शर्मनाक स्थिति न बनाएं।

## संपादकीय : सकारात्मक रुख

ब्रिक्स सम्मेलन में एक बार फिर भारत और चीन के रिश्तों में गरमाहट लौटती दिखी है। पिछले पांच वर्षों से दोनों देशों के बीच तल्खी बनी हुई थी। हालांकि इस बीच कुछ मौकों पर हमारे प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकातें जरूर हुई, मगर द्विपक्षीय वार्ता नहीं हुई थी। ब्रिक्स सम्मेलन में अलग से दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता की और परस्पर सहयोग और सम्मान का संकल्प दोहराया। इस वार्ता से एक दिन पहले दोनों देशों ने पूर्वी लाख में अपनी सेनाओं को पीछे लौटाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पुरानी स्थिति बहाल रखने का फैसला किया था। चीन ने दौलतवेग ओल्डी और डेमचोक क्षेत्र में अपना अतिक्रमण हटाने पर सहमति दे दी। अब दोनों देशों की सेनाएं अपने हिस्से के इलाकों में गश्त कर सकेंगी। चीन ने यह भी कहा है कि वह सीमा विवाद सुलझाने में भारत का सहयोग करेगा। अब प्रधानमंत्री की शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि चीन का रुख लचीला हो गया है और वह भारत के साथ दोस्ती बनाए रखना चाहता है। हालांकि यह कोई नाटकीय घटना नहीं है। इसकी पृष्ठभूमि शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से ही बननी शुरू हो गई थी, जब दोनों देशों के विदेशमंत्रियों ने अलग से बातचीत की थी। सच्चाई यह भी है कि चीन बेशक अपनी विस्तारवादी रणनीति के तहत भारत को घेरने का प्रयास करता रहा हो, पर आज की वैश्विक स्थितियों में वह इसके साथ लंबे समय तक तनावपूर्ण रिश्ते बना कर नहीं चल सकता। चीन को मुख्य चुनौती अमेरिका से है। इसलिए अगर चीन को इस चुनौती से पार पाना है, तो उसे भारत के साथ रिश्ते मधुर बना कर रखने ही होंगे। ब्रिक्स का गठन ही इस मकसद से हुआ था कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिका और यूरोपीय देशों के दबदबे को कमजोर किया जा सके। फिर, अमेरिका और यूरोप ने जिस तरह यूक्रेन को रूस के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की, उससे रूस के सामने भी चुनौतियां बढ़ गई थीं। उसने चीन के साथ नजदीकी बढ़ा ली। मगर गलवान सैन्य संघर्ष के बाद चीन और भारत के बीच तल्खी कायम रहने से इस समीकरण में बाधा आ रही थी। इसलिए रूस भी चाहता था कि भारत और चीन अपने मतभेद जल्दी सुलझा लें । फिर, भारत के बिना ब्रिक्स देशों के संगठन में मजबूती कभी नहीं आ सकती। अच्छी बात है कि चीन ने इस तकाजे को समझा और भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ा दिया । भारत की अहमियत चीन के लिए भी बड़ी है। भारत अब भी उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है । फिर, जिस तरह भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और तकनीकी क्षेत्रों में लगातार भारत न केवल आत्मनिर्भर बन रहा है, बल्कि दवा उत्पादन, सेमीकंडक्टर आदि के मामलों में दुनिया के बहुत सारे देशों के लिए एक बड़े सहयोगी के रूप में दिखने लगा है, ऐसे में चीन उसकी अनदेखी नहीं कर सकता। वैश्विक दक्षिण के तमाम देशों को भारत पर भरोसा है। इसलिए भी चीन और रूस उसे अलग करके नहीं रख सकते। अच्छी बात है कि चीन ने अपना रुख बदल लिया है, मगर उससे यह अपेक्षा फिर भी बनी रहेगी कि भारत के हिस्से वाले क्षेत्रों, उसके पड़ोसी देशों और हिंद महासागर में अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत चलाई जा रही, भारत के लिए चिंता पैदा करने वाली गतिविधियों पर भी विराम लगाए।

## पर्यावरण की फिक्र

मानसून की विदाई के साथ धान की कटाई शुरू हो गई है। मगर विडंबना है कि हर सख्ती के बावजूद खेत-खलिहानों में इस वर्ष भी पराली जलाई जा रही है। इससे जाहिर है कि नियम-कायदों की परवाह किसी को नहीं है। यह छिपी बात नहीं है कि पराली जलाने से प्रति वर्ष दिल्ली और आसपास प्रदूषण गंभीर स्तर तक पहुंच जाता है । नागरिकों का दम घुटने लगता है। अस्पतालों में उपचार कराने की नौबत आ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कवायद शुरू की, तब जाकर पंजाब और हरियाणा की सरकारें सक्रिय हुईं। पंजाब पुलिस ने आनन-फानन में एक महीने में ही आठ सौ चौहत्तर प्राथमिकियां दर्ज कीं । वहीं कैथल जिले में पराली जलाने पर अठारह किसानों को गिरफ्तार किया गया। हरियाणा के कृषि विभाग ने पहली बार चौबीस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। बावजूद इसके, पराली जलाने के मामले घट नहीं रहे । दिल्ली के आसमान पर धुएं की परत जमने लगी है। ऐसे में सर्वोच्च अदालत ने केंद्र के साथ पंजाब और हरियाणा को याद दिलाया है कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। बड़ा सवाल है कि नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में होने के बावजूद पर्यावरण कानून का पालन करने से सरकारों को कौन रोक रहा है ? इसे शक्तिहीन बनाने के लिए अदालत ने बुधवार को केंद्र की भी खिंचाई की। स्पष्ट है कि पराली जलने से लगातार बढ़ रहे प्रदूषण की बड़ी वजह जमीनी स्तर पर कार्रवाई न होना है। राज्य सरकारें और स्थानीय जिला प्रशासन पर्यावरण संरक्षण कानून को सख्ती से लागू करते, तो यह नौबत नहीं आती। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा के मुख्य सचिवों को तलब कर बार-बार आंकड़े बदलने पर सवाल उठाया और कहा कि हर कोई इस मामले को हलके में ले रहा है। इससे गलत संदेश गया है। यह हैरानी की बात है कि शीर्ष न्यायालय की फटकार और बार-बार चिंता जताए जाने पर भी गंभीरता से व्यापक कार्रवाई न होना, यह साबित करता है कि राज्य सरकारें नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत नहीं हैं।

# उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार की ओर से दीपावली पर मिलेगी शुद्ध मिठाईया, कलेक्टर ने किया मिठाई दर पोस्टर का विमोचन




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार की ओर से इस वर्ष भी दीपावली पर्व पर आमजन को शुद्ध मिठाइयां वाजिब दाम पर उपलब्ध कराई जाएगी। मिठाइयों के विक्रय दर के पोस्टर का विमोचन गुरूवार को जिला कलेक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल ने भंडार के सुपरमार्केट शास्त्री सर्कल पर किया। कलेक्टर ने मिठाईयों की गुणवत्ता के संबध में भण्डार महाप्रबन्धक डॉ प्रमोद कुमार से जानकारी प्राप्त और दीपावली पर उदयपुर की जनता को शुद्ध व वाजिब दाम पर मिठाइयां उपलब्ध कराने के इस प्रयास को सराहनीय बताया। इस मौके पर कलेक्टर ने समस्त उत्पादों के संबधं में जानकारी प्राप्त करते हुए गुणवत्ता बनाये रखने एवं उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान मे रखने के निर्देश दिये। भण्डार महाप्रबन्धक ने बताया कि दीपावली पर मिलने वाली मिठाईयों में काजू कतली 720 रुपये प्रति किलो, काजू रोल 780 रुपये प्रति किलो, सोहन पपडी 400 रुपये प्रति किलो, बेसन चक्की 400 रुपये प्रति किलो, मक्खन बडे 480 रुपये प्रतिकिलो की दर से उपलब्ध रहेंगे। यह मिठाईयां सभी सुपरमार्केट पर आज से ही उपलब्ध रहेगी एवं अग्रिम बुकिंग भी सुपरमार्केट पर की जाएगी। यह सभी मिठाईयां शुद्ध सरस घी से निर्मित है। इस अवसर पर भण्डार भण्डार के प्रशासक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितियां प्रेम प्रकाश माण्डोत एवं भंडार के कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# बहुत मालदार निकले राठौड़ साहब, होटल, रिसॉर्ट, भूखंड, मकान और लग्जरी वाहन...और अब एसीबी का शिकंजा




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। सरकारी नौकरी में रहते हुए होटल, बंगला, रिसोर्ट, लग्जरी वाहन, करोड़ों की दौलत हासिल हो जाए तो उससे ज्यादा क्या चाहिए। लेकिन संपत्तियां अगर नौकरी के दौरान मिली तनख्वाह से ज्यादा हो जाए तो फिर दाल में काला नजर आता है। वैसे तो यह हाल कई अफसरों का है लेकिन जो एसीबी के शिकंजे में फंस जाए, दुनिया उसी पर उंगली उठाती है और उसे भ्रष्ट अफसर के तमगे से नवाजती है। आज एसीबी की टीमों ने सुबह उदयपुर के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी जयमल सिंह राठौड़ के ठिकानों पर छापामारी की है। उनके उदयपुर और राजसमंद में होटल, भूखंड, मकान सहित अन्य ठिकानों पर सर्च अभियान जारी है। एसीबी की टीमें सभी संपत्तियों के दस्तावेज खंगाल रही है और ब्योरा निकाल रही है। जयमल सिंह राठौड़ के सरदारपुरा स्थित मकान, सज्जनगढ़ रोड स्थित होटल मान विलास रिसोर्ट और संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी के आफिस पर एसीबी टीमों का सर्च कार्रवाई जारी है। बताया जा रहा है कि संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी जयमल सिंह राठौड़ के बारे में एसीबी को शिकायत मिली थी। इन्होंने सरकारी सेवा में रहते हुए ज्ञात स्त्रोत से अर्जित आय से बहुत अधिक परिसंपत्तियां कमाई हुई हैं। एसीबी इंटेलीजेंस टीम ने शिकायत का सत्यापन किया तो जयमल सिंह राठौड़ के उदयपुर और राजसमंद में विभिन्न भूखंड़ों, मकान, होटल और लग्जरी वाहनों सहित अन्य परिसंपत्तियों में निवेश होना पाया। राठौड़ के खिलाफ एसीबी ने टीमें बनाकर आज सुबह से ही छापेमारी कार्रवाई शुरू कर दी। टीमें निजी वाहनों से होटल और इनके मकान पर पहुंची हैं। फिलहाल कितनी घोषित और अघोषित संपत्ति उजागर होगी इसका पता एसीबी जांच पूरी होने के बाद ही लग पाएगा। बता दें, जयमल राठौड़ पहले रसद विभाग में इंस्पेक्टर थे। प्रमोशन लेकर वे डीएसओ बने थे।

### समान पात्रता परीक्षा (उच्च माध्यमिक स्तर) 2024

# उदयपुर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा 84.35 फीसदी रही औसत उपस्थिति

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 24 अक्टूबर। राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर की ओर से आयोजित तीन दिवसीय समान पात्रता परीक्षा (उच्च माध्यमिक स्तर) गुरूवार को उदयपुर जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन और अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन व परीक्षा समन्वयक दीपेंद्रसिंह राठौड़ के नेतृत्व में प्रशासन और पुलिस की ओर से माकूल बंदोबस्त किए गए। इससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। 22, 23 एवं 24 अक्टूबर को कुल 6 चरणों में हुई परीक्षा के दौरान उदयपुर जिले में कुल 1 लाख 43 हजार 90 अभ्यर्थियों ने 88 केंद्रों पर परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान औसत उपस्थिति 84.35 प्रतिशत रही। परीक्षा समन्वयक एवं एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि गुरूवार को 5वें और 6ठे चरण की परीक्षा हुई। गुरूवार सुबह के सत्र में कुल अपेक्षित 28272 अभ्यर्थियों में से 24518 तथा शाम के सत्र में अपेक्षित 28272 में से 23419 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इस प्रकार कुछ 6 चरणों में अपेक्षित 1 लाख 69 हजार 632 अभ्यर्थियों में से 1 लाख 43 हजार 90 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि कुल 26 हजार 542 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# 35 लाख की गीली लकड़ी से भरे 2 ट्रक पकड़े



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। डूंगरपुर की बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने गुजरात से सटे रतनपुर बॉर्डर पर कंटेनर और आयशर ट्रक को पकड़ा है। दोनों में गीली लकड़ी भरी हुई थी। जिसे तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। दोनों की कीमत करीब 35 लाख रुपए बताई जा रही है। वन विभाग पर दोनों से जुर्माना की कार्रवाई करेगा। बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि चौरासी विधानसभा चुनावों की आचार संहिता के तहत गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर वाहनों की जांच की जा रही है। इस दौरान उदयपुर की ओर से आ रहे एक आइसर ट्रक ओर एक कंटेनर को रूकवाया। कंटेनर ड्राइवर बालकिशन निवासी टीपी नगर जयपुर और ट्रक ड्राइवर सुरेश मीणा निवासी वल्लभ नगर उदयपुर बताया। दोनों की तलाशी में अंदर पंचमेल की गीली लकड़ी भरी हुई मिली। लकड़ी परिवहन को लेकर दोनों के पास कोई कागजात नहीं थे। जिस पर पुलिस ने कंटेनर ओर ट्रक को जब्त कर लिया। दोनों गाड़ियों के साथ लकड़ी की कीमत करीब 35 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं, पुलिस ने कार्रवाई की सूचना वन विभाग को दी है। जिस पर वन विभाग की ओर से जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

## जूनियर फुटबाल लीग सीजन 2 का समापन

**24 न्यूज अपडेट**

स्टेलियंस फुटबॉल अकादमी के सहयोग से राउंड टेबल इंडिया और लेडिस सर्कल इंडिया द्वारा आयोजित जूनियर फुटबाल लीग का सीजन 2 आयोजित हुआ । प्रतियोगिता में चार आयु वर्ग में हुई जिसमें 210 से अधिक प्रतिभाओं ने अपना दमखम व कौशल दिखाया। इसमें रॉकवुड स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेंट मैथ्यूज स्कूल, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, पल्स फुटबॉल अकैडमी सहित 35 से अधिक टीमें शामिल थी। प्रतियोगिता के अंडर 15 आयु वर्ग में स्टेलियंस फुटबॉल अकैडमी , अंडर 12 आयु वर्ग में रॉकवुड्स स्कूल और अंडर 9 आयु वर्ग में SFA रेड ने फाइनल जीता । समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर एनआईओएस कोच गुलाम अली खान, राउंड टेबल इंडिया के अध्यक्ष सौरभ बापना, विवेक वैष्णव, आदित्य सोमानी, अविरल जैन और लेडीज सर्कल इंडिया की अनीशा सोमानी और साक्षी जैन उपस्थित थे| पूरी प्रतियोगिता में स्टॉलिन्स फुटबॉल अकादमी के मुख्य कोच गोपाल सिंह भाटी और प्रबंधक मोहम्मद अशरफ मौजूद रहे।

# अब तक 6 अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा, 'नामांकन की अंतिम तिथि कल'

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। विधानसभा उपचुनाव- 2024 के तहत सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र से गुरुवार को चार अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। इस प्रकार अब तक कुल 6 नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। नामांकन की अंतिम तिथि शुक्रवार को रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने बताया कि सलूम्बर विधानसभा सीट के लिए गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी से शांतादेवी पत्नी स्व अमृतलाल मीणा, अविनाश पुत्र स्व अमृतलाल मीणा, भारत आदिवासी पार्टी से जितेशकुमार कटारा पुत्र रमेशचंद्र मीणा तथा डॉ सविता कुमारी अहारी देवजी मीणा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व सलूम्बर सीट के लिए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से शंकरलाल मीणा पुत्र भीमा मीणा तथा आंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया से केशुलाल पुत्र तेजिया मीणा ने नामांकन भरा था। इस प्रकार अब तक कुल 6 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है। पोसवाल ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को की जाएगी। वहीं नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है।

# प्रियंका गांधी के पास 12 करोड़ की संपत्तिःपति रॉबर्ट 66 करोड़ के मालिक; भाजपा बोली- दोनों ने संपत्ति की गलत जानकारी दी



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। हलफनामा में उन्होंने 12 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। उनके पास 4.24 करोड़ रुपए की चल और 7.74 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां है।

इसके अलावा उन्होंने अपने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का भी ब्योरा दिया है। वाड्रा के पास कुल 65.54 करोड़ रुपए की संपत्ति है, जिसमें से चल संपत्तियां 37.9 करोड़ रुपए और अचल संपत्तियां 27.64 करोड़ रुपए की हैं।

प्रियंका के हलफनामा पर गुरुवार को भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा- 'प्रियंका गांधी वाड्रा के हलफनामा में पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति की जानकारी गलत बताई गई है। रॉबर्ट वाड्रा की आय कम है, लेकिन इनकम टैक्स विभाग ज्यादा डिमांड कर रहा हैं। ऐसा कैसे हो सकता हैं। उन्होंने शिमला में घर खरीदा, लेकिन केवल उसके 10वें हिस्से की कीमत बताई। यानी दिखाने के दांत अलग और खाने के दांत अलग है।'

भाटिया बोले- कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का अपमान किया गौरव भाटिया ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीर दिखाई। इसमें खड़गे पीछे की सीट पर बैठे थे। उन्होने कहा कि खड़गे पिछड़े वर्ग से आते है। केवल किसी पद पर बैठा कर इन लोगों ने रिमोट अपने हाथ में रखा हैं। ये लोग किसी बाहरी को नेता को अपनाना ही नहीं चाहते। इन्होने तो मौलानाओं की बैठक में कांग्रेस को मुस्लिम पार्टी माना है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वायनाड में आपदा के दौरान इतनी संपत्ति होने के बावजूद भी इस परिवार ने एक भी रुपए दान नहीं दिया।

## हल्दीघाटी और सुखाड़िया विश्वविद्यालय का पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**24 न्यूज अपडेट**

राजसमंद, 24 अक्टूबर। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, राजसमंद के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों का अध्ययन करते हुए एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक और सांस्कृतिक ज्ञान को बढ़ाना था। प्रधानाचार्य घनश्याम मीना ने बताया कि कक्षा 6 के 66 विद्यार्थियों ने राजस्थान के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल हल्दी घाटी का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने हल्दी घाटी म्यूजियम और चेतक स्मारक का दौरा किया, जहाँ उन्हें महाराणा प्रताप और चेतक के वीरता के किस्सों से अवगत कराया गया। म्यूजियम में रखी गई कलाकृतियों ने विद्यार्थियों को उस समय की महत्त्वपूर्ण घटनाओं और संस्कृति की झलक दी। विद्यालय के अन्य 99 विद्यार्थियों ने मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों का निरीक्षण किया और शिक्षकों से मिलकर विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा, उन्होंने आधुनिक शोध सुविधाओं और प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया, जिससे उनके शैक्षणिक विकास में नई दिशा मिली। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन भ्रमणों से उन्हें न केवल अपने ऐतिहासिक धरोहरों और शैक्षणिक संस्थानों की जानकारी मिलती है, बल्कि उनके व्यक्तित्व और सोचने की क्षमता में भी विस्तार होता है।

## उत्तर प्रदेश के कृषि विपणन राज्यमंत्री 25 को उदयपुर में

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 24 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश के कृषि विपणन, उद्यान, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह शुक्रवार 25 अक्टूबर से उदयपुर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 25 अक्टूबर की दोपहर 2.15 बजे वायुयान से उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से 3 बजे सर्किट हाउस उदयपुर आएंगे। श्री सिंह का रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में रहेगा। अगले दिन सुबह 9.30 बजे मोहनलाल सुखाडिया विवि के विवेकानंद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे और इसी दिन अपराह्न 3 बजे वायुयान से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## 343500/- रुपये के कर्की वारन्टों में वर्ष 2020 से फरार वारन्टी परवेज मैसी को किया गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

महानिदेशक पुलिस राजस्थान द्वारा वांछित अपराधियों, कच्ची शराब एवं मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत श्रीमान जिला पुलिस अधीक्षक महोदय उदयपुर श्री योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री उमेश ओझा एवं वृताधिकारी वृत पश्चिम श्री कैलाश चन्द्र के मार्गदर्शन में थानाधिकारी श्री आदर्श कुमार द्वारा थाना हाजा से स्पेशल टीम का गठन किया जाकर थाना हाजा पर वांछित आरोपिगणों की धरपकड हेतु मुताबिक उच्चाधिकारियों के आदेश की पालना में हिदायत की गई। टीम द्वारा थाना हाजा पर माननीय पारिवारिक न्यायाधीश क्रम संख्या 02 उदयपुर के प्रकरण संख्या 264/2020 व 265/2020 धारा 125 जा. फौ. में वर्ष 2020 से फरारा चल रहें आरोपी परवेज मैसी पिता श्री स्व. एच. टी. मैसी निवासी बड के पेड के पास मिशन कम्पाउण्ड स्वरुप सागर उदयपुर के दिये गये पते पर मालुमात की नही मिलने पर उसके संभावित ठिकानों अजमेर, जयपुर तथा जोधपुर की तरफ सुचना संत्र के माध्यम से जानकारी प्राप्त की गई मगर कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। सुचना तंत्र की सुचना पर ईमरोजा आरोपी को उसके निवास स्थल मिशन कम्पाउण्ड स्वरुप सागर पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय पारिवारिक न्यायालय में पेश कर जेसी कराया गया।

## प्रोग्रामर भर्ती परीक्षा 27 को, एडमिट कार्ड अपलोडःपांच जिला मुख्यालयों पर बनाए सेंटर, जयपुर का एक परीक्षा सेन्टर बदला




**24 न्यूज अपडेट**

अजमेर. आरपीएससी की 27 अक्टूबर को होने वाली प्रोग्रामर परीक्षा के एडमिट कार्ड अपलोड कर दिए गए हैं। करीब 10 साल बाद हो रही पांच जिला मुख्यालय अजमेर, जयपुर, उदयपुर, कोटा, जोधपुर पर हो रही इस परीक्षा में 72 हजार कैंडिडेट्स शामिल होंगे।

अजमेर में 14544 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 45 सेंटर बनाए गए हैं, परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। अभ्यर्थी आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन करके हासिल कर सकेंगे। सेंटरों पर एक घंटा पहले तक एंट्री दी जाएगी।

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग में प्रोग्रामर के 352 पदों के लिए आयोग यह परीक्षा कराएगा। आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण भी कर लिया गया है। परीक्षा केंद्रों और इन केंद्रों पर शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या जिला प्रशासन को भी दे दी गई है, ताकि जिला और पुलिस प्रशासन भी अपने स्तर की व्यवस्थाएं कर लें।

### एक परीक्षा केन्द्र बदला

रोल नं 2095169 से 2095528 तक के अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए (16-0090), भवानी शिक्षा निकेतन सीनियर सैकण्डरी स्कूल, 344-ए, कटेवा नगर, मेट्रो पिलर नंबर 69, 79 के सामने, न्यू सांगानेर रोड, गुर्जर की थड़ी, जयपुर, पिन कोडः 302001 पर उपस्थित होना होगा। इस परीक्षा केन्द्र के दूरभाष नंबर- 9001773111 हैं। अतः संबंधित परीक्षार्थी निर्धारित समय पर नवीन प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा।

पूर्व में उक्त रोल नं के अभ्यर्थियों को (16-0130), श्री राम पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल, कटेवा नगर, न्यू सांगानेर रोड, गुर्जर की थड़ी, जयपुर, पिन कोडः 302001 परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया था।

## हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका होंगी खींवसर से आरएलपी उम्मीदवार बीजेपी ने पूर्व मंत्री का टिकट काटा,चौरासी से कारीलाल को मैदान में उतारा



**कारीलाल ननोमा,** चौरासी



**कनिका बेनीवाल,** खींवसर

**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर. राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने खींवसर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में उम्मीदवार की घोषणा कर दी। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल को यहां से प्रत्याशी बनाया गया है।

बीजेपी ने चौरासी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कारीलाल ननोमा को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने पूर्व मंत्री सुशील कटारा का टिकट काटकर नए चेहरे पर भरोसा जताया है। कारीलाल सीमलवाड़ा पंचायत समिति से प्रधान हैं। वे बीजेपी एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री भी रह चुके हैं। लंबे समय से आदिवासी क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

चौरासी सीट पर उनका मुकाबला कांग्रेस के महेश रोत और भारत आदिवासी पार्टी (BAP) के अनिल कटारा से होगा।

सात विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होगा। पांच दिन पहले भाजपा ने पहली लिस्ट में 6 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए थे। अब भाजपा और कांग्रेस ने सभी सात सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। बीजेपी ने खींवसर को छोड़कर सात में से 6 सीटों पर उम्मीदवार बदले हैं।

वहीं, खींवसर से हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। नामांकन दाखिल करने की लास्ट डेट 25 अक्टूबर है।

## राजस्थान सरकार ने कर्मचारियों-पेंशनर्स का DA 3% बढ़ायाःदीपावली बोनस के बाद अब डीए 50 से बढ़ाकर 53% किया, 1 जुलाई से मिलेगा फायदा



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुरराजस्थान सरकार ने कर्मचारियों-पेंशनर्स का DA 3% बढ़ायाःदीपावली बोनस के बाद अब डीए 50 से बढ़ाकर 53% किया, 1 जुलाई से मिलेगा फायदा जयपुर. केंद्र के बाद अब राजस्थान सरकार ने भी सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के DA में 3% की बढ़ोतरी कर दी है। वित्त विभाग ने DA बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। कर्मचारियों और पेंशनर्स का DA 50% से बढ़कर 53% किया गया है। बढ़ा हुआ DA 1 जुलाई से लागू होगा।

एक जुलाई से लेकर 31 अक्टूबर तक का बढ़ा हुआ डीए कर्मचारियों के जनरल प्रोविडेंट फंड (जीपीएफ) अकाउंट में जमा होगा। 1 नवंबर से बढ़े हुए डीए का भुगतान सैलरी के साथ कैश में किया जाएगा। पेंशनर्स को 1 जुलाई से ही बढ़े हुए डीए का कैश भुगतान किया जाएगा। पेंशनर्स को बढ़े डीए का पेंशन के साथ एरियर मिलेगा।

### दीपावली बोनस के बाद अब बढ़े हुए डीए का फायदा

राज्य सरकार ने पिछले दिनों ही कर्मचारियों को दीपावली बोनस देने की घोषणा की थी। अब दीपावली से पहले सरकार ने कर्मचारियों का डीए बढ़ाने की भी घोषणा की है। राजस्थान में पिछले लंबे समय से यह ट्रेंड है कि केंद्र के डीए बढ़ाने के बाद सप्ताह भर से कम समय में ही राज्य सरकार भी आदेश जारी कर देती है। इस बार भी उसी परंपरा के तहत डीए बढ़ाया है। कर्मचारियों की सैलरी दीपावली के कारण 30 अक्टूबर को ही देने का फैसला किया है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के 8 लाख से अधिक कर्मचारियों को फायदा मिलेगा।

## सलमान खान को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**24 न्यूज अपडेट**

मुंबई/रांची. सलमान खान को धमकाते हुए 5 करोड़ रुपए की डिमांड करने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन (24) को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मुंबई की वरली पुलिस ने इसे झारखंड के जमशेदपुर से बुधवार (23 अक्टूबर) को अरेस्ट किया। आज इसे ट्रांजिट रिमांड पर झारखंड से मुंबई लाया जाएगा।

जमशेदपुर के सब्जी बेचने वाले शेख हुसैन शेख मौसिन ने ही पिछले हफ्ते मुंबई ट्रैफिक पुलिस को वॉट्सऐप कॉल करके फिरौती मांगी थी। उसने खुद को लॉरेंस गैंग का मेंबर बताया था।

**धमकी देने के बाद मांगी थी माफी** -मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि पुलिस ने संदेश भेजने वाले का पता लगाने के लिए तुरंत जांच शुरू की। इसी बीच, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को उसी मोबाइल नंबर से एक माफी वाला मैसेज भी मिला। पुलिस ने झारखंड के उस नंबर का पता लगाया और आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम भेजी।

# रोत बोले- सलूंबर में भाजपा का सहानुभुति कार्ड नहीं चलेगा : बाप प्रत्याशी के नामांकन भरने के बाद सांसद राजकुमार बोले- 25 को भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी की रैली



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. बांसवाड़ा-डूंगरपुर के सांसद और भारत आदिवासी पार्टी (BAP) के नेता राजकुमार रोत ने कहा- सलूंबर विधानसभा उप चुनाव में भाजपा का सहानुभुति कार्ड नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी टक्कर सलूंबर में किसी से नहीं है। इससे पहले आज बाप पार्टी के उम्मीदवार जितेश कटारा ने नामांकन दाखिल किया। भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवार अधिकृत रूप से 25 अक्टूबर को नामांकन भरेंगे। भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी जितेश कटारा ने आज नामांकन दाखिल किया। इससे पहले हजारों की संख्या में समर्थकों के साथ रैली के रूप में RTO कार्यालय बाईपास से उपखंड कार्यालय तक पहुंचे। वहां रिटर्निंग अधिकारी पर्वत सिंह के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सांसद राजकुमार रोत सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता साथ थे। रैली में ढोल और मांदल की थाप पर कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए चल रहे थे और प्रत्याशी जितेश कटारा को कंधे पर उठा दिया था। सलूंबर में बाप पार्टी की रैली में शामिल कार्यकर्ता

सलूंबर में भारत आदिवासी पार्टी के नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत में सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि हमारी पार्टी बाप की ग्रोथ रेट कम समय में ज्यादा हुई है। यहां सरकार की योजनाएं धरातल पर लागू हो इसके लिए जितेश कटारा को जनता यहां से विधानसभा में चुनकर भेजे। रोत ने कहा कि भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा के निधन के बाद भाजपा सहानुभुति कार्ड खेल रही है लेकिन ऐसा होगा नहीं। उन्होंने कहा कि उनके निधन का हम सबको दुःख है लेकिन यहां जनता काम करने वाले को चुनेगी। वे बोले कि हमारी टक्कर किसी से नहीं है। प्रत्याशी जितेश कटारा ने कहा कि वे दिन रात जनता के साथ खड़ा रहेंगे और जनता के सुख-दुःख में साथ रहूंगा। उन्होंने कहा कि सलूंबर जिला खत्म नहीं किया जाए इसके लिए भी मै साथ रहूंगा।

### शांता देवी की रैली में आएंगे सीएम और प्रदेशाध्यक्ष

सलूंबर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी शांता देवी मीणा 25 अक्टूबर को सलूंबर में नामांकन दाखिल करेंगी। भाजपा देहात जिलाध्यक्ष डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने बताया कि नामांकन रैली में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ शामिल होंगे। इसमें प्रभारी मंत्री डा हेमंत मीणा, जनजाति मंत्री बाबू लाल खराड़ी, सांसद डा मन्नालाल रावत, विधायक श्रीचंद कृपलानी,विधायक उदय लाल डांगी आदि मौजूद रहेंगे।

### रेशमा के नामांकन में आएंगे मकवाना और चांदना

नामांकन की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर को ही कांग्रेस प्रत्याशी रेशमा मीणा नामांकन दाखिल करेंगी। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय सलूंबर से सुबह 11 बजे नामांकन के लिए निकलेंगे। नामांकन के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान सह प्रभारी ऋत्विक मकवाना, उपचुनाव के सीनियर आब्जर्वर पूर्व मंत्री अशोक चांदना, पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा, पीसीसी द्वारा नियुक्त उपचुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री अर्जुन सिंह बामणिया आदिशामिल रहेंगे।

# फिर बजी पालना घर की घंटी:मिली प्रीमैच्योर नवजात बालिका, हालत गंभीर- इलाज जारी



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा. बुधवार देर रात भीलवाड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल के मातृ एवं शिशु इकाई के बाहर लगे पालना घर की घंटी बजी। हॉस्पिटलकर्मी जब बाहर पहुंचे तो उन्हें पालने में एक मासूम बच्ची मिली। इस बच्ची को तुरंत एनआईसीयू में एडमिट किया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। बच्ची की हालत इन्फेक्शन के चलते ठीक नहीं है। इसका इलाज किया जा रहा है।

पीएमओ अरुण गौड़ ने बताया कि बीती देर रात कोई अज्ञात व्यक्ति महात्मा गांधी हॉस्पिटल के पालना घर में एक बच्ची को छोड़ गया। जब पालना गृह की घंटी बजी तो मेडिकल स्टाफ पालने के पास पहुंचा। इसमें एक बेबी चाइल्ड को कोई छोड़ गया था। यह प्रीमेच्योर बच्ची है जिसकी डिलीवरी कुछ समय पहले हुई होगी। इसका वजन 1 किलो 300 ग्राम है और इसकी कंडीशन ठीक नहीं है। इंफेक्शन के चलते इसे गहन चिकित्सा इकाई में डॉक्टर्स के ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। इसका ट्रीटमेंट किया जा रहा है। इसकी सूचना हमने बाल कल्याण समिति को दे दी थी।जिसके पदाधिकारियों ने यहां पहुंचकर बच्ची की देखभाल की। फिलहाल इस बच्ची का एनआईसीयू में ट्रीटमेंट जारी है। इसके पूरी तरह स्वस्थ होते ही इसे बाल समिति के पदाधिकारियों को सौंप दिया जाएगा ।

# कुछ लोग आदिवासी नेताओं को मारने पर तुले हैं:टिकट कटने के बाद मीणा बोले- जिसने कांग्रेस को हराया उसी को प्रत्याशी बना दिया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. जिस दिन भारतीय जनता पार्टी की सूची आई और सलूंबर में पार्टी के घोषित उम्मीदवार को लेकर विरोध करते हुए नाराजगी सामने आई ठीक उसी तरह की तस्वीर कांग्रेस की सूची आने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर भी दिख रही है। भाजपा ने बाद में स्थिति संभाल ली और अब यह बारी कांग्रेस की है।

कांग्रेस ने सलूंबर से रेशमा मीणा को टिकट देकर सबको चकित कर दिया। असल में यहां से कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में रह चुके रघुवीर सिंह मीणा का धड़ा पूरी जाजम बिठा चुका था कि टिकट तो घर में ही आएगा। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं तो धक्का लगा। बुधवार को रात 12 बजे बाद जैसे ही टिकट की सूची आई और रेशमा मीणा का नाम था तो पार्टी के नीचे के स्तर के पदाधिकारियों के इस्तीफे सोशल मीडिया पर आ गए और सुबह विरोध बढ़ने लगा। रघुवीर के गांव परसाद में उनके समर्थन में नारेबाजी की जा रही है।

### रघुवीर मीणा बोले जिसने मुझे हराया उसको टिकट पकड़ा दिया

कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) के पूर्व सदस्य और सलूंबर सीट के कांग्रेस के टिकट की दावेदारी जता रहे रघुवीर सिंह मीणा ने कहा कि कुछ नेता आदिवासी नेताओं को मारने का काम कर रहे हैं। कुछ ग्रुपबाजी कर कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व खत्म करने में लगे हैं।

आज अपने गांव परसाद में मीडिया से बातचीत में रघुवीर मीणा ने रेशमा मीणा से लेकर पार्टी के नेताओं को निशाने पर लिया। वे नेताओं का नाम लेने से बचते रहे। रघुवीर मीणा ने कहा कि 2018 के चुनाव में जब मैं कांग्रेस का उम्मीदवार था तब रेशमा मीणा निर्दलीय चुनाव लड़ी और मुझे चुनाव हराया था। उसके बाद पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लड़ी थी उसमें कांग्रेस पार्टी को हराया था। पांच साल गुजरे नहीं और उनको टिकट पकड़ा दिया।

### टिकट वितरण में लगाए आरोप

मीणा ने कहा कि इससे पहले उनको कांग्रेस ने पार्टी से बाहर कर दिया था। बिना किसी आवेदन के पार्टी में ले लिया। रघुवीर मीणा जैसे व्यक्ति को दरकिनार करना मतलब मै यह मानता हूं कि मेवाड़-वागड़ में कुछ नेता ऐसे है जिनका नाम तो मै नहीं ले रहा हूं वे ऐसी गतिविधियां चला रहे है जो आदिवासी नेताओं में एक-एक कर उनको मारने का काम किया जा रहा है।

वे बोले ऐसे में कोई ट्राईबल नेता उभरकर आगे नहीं आएंगे। मेरा कांग्रेस हाईकमान से आग्रह रहेगा कि इस पर वॉच करें। जो लोग खुद पार्टी बनते है, जिले की जिनको कमान दे रखी है, बड़े कद के लोग भी पार्टी ग्रुपबाजी करते है और कार्यकर्ताओं को निराश करते है तो कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। उन्होंने बिना नाम लिए उदयपुर देहात कांग्रेस अध्यक्ष कचरूलाल चौधरी पर भी ग्रुपबाजी करने का आरोप लगाया।

### एक-एक कर आने लगे इस्तीफे

अब रघुवीर समर्थकों के इस्तीफे बढ़ने लगे और सलूंबर में कार्यकर्ता जुटने लगे है। सबसे पहले रात को सराड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गणेश चौधरी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को पत्र लिखकर इस्तीफा भेज दिया। इस्तीफे में लिखा कि पूर्व में रघुवीर सिंह मीणा को हराने का काम किया उसी रेशमा मीणा को पार्टी ने टिकट दिया है। ऐसे में हम पार्टी का साथ नहीं दे सकते और इस्तीफा देता हूं। सलूंबर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने भी इस्तीफा दे दिया। उन्होंने भी लिखा कि पार्टी विरोधी काम करने वालों को टिकट दे दिया गया जो ठीक नहीं है। सराड़ा पंचायत समिति सदस्य राधा देवी मीणा ने भी उदयपुर देहात कांग्रेस अध्यक्ष कचरुलाल चौधरी को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बाले कि मन बहुत आहत हुआ।

# सीएम सीमलवाड़ा में करेंगे जनसभा, प्रत्याशी ननोमा की नामांकन रैली में होंगे शामिल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. डूंगरपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 25 अक्टूबर को डूंगरपुर के चौरासी विधानसभा क्षेत्र में आ रहे है। शर्मा चौरासी से भाजपा प्रत्याशी कारीलाल ननोमा की नामांकन रैली में शामिल होंगे। इस दौरान वे भाजपा कार्यकर्ताओं को भी संबोधित करेंगे। वहीं, कांग्रेस और भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी भी शुक्रवार को आखरी दिन नामांकन भरेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार ने बताया कि चौरासी विधानसभा उपचुनावों को लेकर भाजपा प्रत्याशी की ओर से 25 अक्टूबर को नामांकन भरा जाएगा। भाजपा उम्मीदवार कारीलाल ननोमा सुबह 11 बजे के बाद अपने समर्थकों के साथ नामांकन पेश करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की चौरासी में सभा होगी। पाटीदार ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सलूंबर विधानसभा क्षेत्र में सभा के बाद डूंगरपुर के सीमलवाड़ा आएंगे। सीमलवाड़ा में एसडीएम ऑफिस के आपस बनाए जा रहे हेलीपेड पर विशेष हेलीकॉप्टर से दोपहर में पहुंचेंगे। इसके बाद भाजपा के सभा स्थल पर पहुंचेंगे। जहां भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर भाजपा तैयारियों में जुट गई है। वहीं, 25 अक्टूबर को नामांकन का आखरी दिन है। ऐसे में कांग्रेस और भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी भी नामांकन भरेंगे।

# भीलवाड़ा में बीच बाजार खड़ी वैन में लगी आग:वैल्डिंग के लिए मिस्त्री की दुकान के बाहर थी, अचानक हुआ हादसा



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा. बीच बाजार एक मारुति वैन में अचानक आग लग गई। वैन वैल्डिंग मिस्त्री की दुकान के बाहर खड़ी थी। अचानक लगी आग से अफरा-तफरी हो गई। देखते ही देखते वैन आग के गोले में बदल गई। घटना भीलवाड़ा जिले के बागौर थाना इलाके के गंगापुर रोड पर गुरुवार दोपहर हुई।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- वैन गंगापुर रोड पर एक वैल्डिंग मिस्त्री की दुकान पर ठीक होने के लिए आई थी। वैल्डिंग करते समय चिंगारी से कार की रबड़ गोट जल उठी। कुछ ही देर में अचानक पूरी वैन में आग लग गई। आग से वैन पूरी तरह जल गई। आग की चपेट में आने से दो दुकानों के बाहर लगे बैनर पोस्टर भी जल गए। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। सूचना मिलने पर बागौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जानकारी ली। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जन हानि नहीं हुई।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।